<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

किसान मेले को और बेहतर बनाने हेतु प्रशासनिक अधिकारी एवं स्टाल धारकों की बैठक

पंतनगर विश्वविद्यालय में चल रहे चार-दिवसीय किसान मेले में एक नयी पहल करते हुए निदेशक प्रसार शिक्षा डा. अनिल कुमार शर्मा द्वारा स्टाल धारकों के साथ किसान मेले को और अधिक बेहतर बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित करने के लिए एक बैठक का आयोजन कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण डा. प्रकाश भट्ट भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान स्टाल धारकों ने मेले को बेहतर बनाने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि मेले में एक प्रकार के स्टाल एक ही साथ लगाये जाने चाहिए, ताकि किसानों को सभी स्टालों से जानकारी लेने में आसानी हो। इसके अलावा बरसात से बचने के लिए वर्षा अवरोधी स्टाल लगाने का सुझाव दिया गया, ताकि प्रदर्शित मशीनरी, सामान इत्यादि को खराब होने से बचाया जा सके। चल रहे मेले में अगले मेले की तिथियों की जानकारी भी स्टाल धारकों व किसानों को दी जानी चाहिए, ताकि ये लोग अगले मेले में आने की तैयारी कर सकें। मेले के दौरान पीने का पानी, शौचालय और बिजली की सुविधा के साथ सुरक्षा की सुविधा भी अच्छे स्तर की उपलब्ध कराये जाने का सुझाव भी दिया गया। अन्य स्टाल धारकों ने सुझाव दिया कि मेले के दौरान तेज आवाज के सिस्टम का उपयोग बंद होना चाहिए, ताकि किसानों को जानकारियां देने में आसानी हो सके। कुछ स्टाल धारकों ने जैविक खेती, खाद, रसायन, इत्यादि के प्रदर्शन विश्वविद्यालय के साथ मिलकर लगाये जाने की बात कही। डा. शर्मा ने इन सभी सुझावों का स्वागत किया और बताया कि आने वाले किसान मेलों में बताये गये सुझावों पर अमल कर मेले को और सुविधाजनक बनाया जायेगा साथ ही उन्होंने किसान मेले की जानकारी के लिए प्रचार-प्रसार के टीवी चैनल, सामाचार पत्र, फोन, सोशल मीडिया इत्यादि का अधिक उपयोग करने की बात भी कही। इसके अतिरिक्त वर्षा अवरोधी स्टाल लगाने की सुविधा देने का आश्वासन भी दिया।

इस बैठक में विश्वविद्यालय के किसान मेले से संबंधित विभिन्न प्रसार अधिकारी एवं स्टाल धारक उपस्थित थे।

स्टाल धारकों के साथ हुई बैठक में निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा व अन्य अधिकारी।